# CBSE Class 7 Social Science Important Questions History Chapter 5 जनजातियाँ, खानाबदोश और एक जगह बसे हुए समुदाय

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
टांडा किसे कहते थे?
उत्तर:
बनजारों के कारवाँ को टांडा कहते थे।

प्रश्न 2.
किन समाजों को जनजातियाँ कहा जाता रहा है?
उत्तर:
भारतीय उपमहाद्वीप में जो समाज ब्राह्मणीय सामाजिक नियमों व कर्मकांडों को नहीं मानते थे और न असमान वर्गों में विभाजित थे, जनजातियाँ कहलाते थे।

प्रश्न 3.
जनजातीय लोग भारत के किस क्षेत्र में पाये जाते थे?
उत्तर:
जनजातीय लोग भारत के लगभग हर क्षेत्र में पाये जाते थे। किसी भी एक जनजाति का इलाका और प्रभाव समय के साथ बदलता रहता था।

प्रश्न 4.
कुल किसे कहते हैं?
उत्तर:
परिवारों या घरों के एक ऐसे समूह को कुल कहते हैं जो एक ही पूर्वज की संतान होने का दावा करते हैं।

प्रश्न 5.
उपमहाद्वीप के सुदूर उत्तर-पूर्वी भाग पर किन जनजातियों का प्रभुत्व था?
उत्तर:
उपमहाद्वीप के सुदूर उत्तर-पूर्वी भाग पर नागा, अहोम जनजातियों का प्रभुत्व था।

प्रश्न 6.
बिहार और झारखंड के क्षेत्र में रहने वाली दो महत्त्वपूर्ण जनजातियों के नाम लिखिये।
उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/

- मुंडा
- संथाल।

प्रश्न 7.
कर्नाटक और महाराष्ट्र की पहाड़ियाँ किन जनजातियों के निवास स्थान थे। (कोई दो नाम लिखिये)
उत्तर:

- कोली
- बेराद।

प्रश्न 8.
भीलों की आबादी किस क्षेत्र में फैली हुई थी?
उत्तर:
भील-जनजाति पश्चिमी और मध्य भारत में फैली हुई थी।

प्रश्न 9.
गोंड लोग किस क्षेत्र में फैले हुए थे?
उत्तर:
मौजूदा छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश में गोंड लोग बड़ी तादाद में फैले हुए थे।

प्रश्न 10.
किस क्षेत्र की प्रमुख जनजातियों ने काफी पहले इस्लाम को अपना लिया था?
उत्तर:
पंजाब, सिंध और उत्तर-पश्चिमी सरहद की प्रभुत्ववाली जनजातियों ने काफी पहले इस्लाम को अपना लिया था।

प्रश्न 11.
राजा मानसिंह ने चेरों को कब पराजित किया था?
उत्तर:
1591 ई. में।

प्रश्न 12.
16वीं सदी में अहोमों ने कौन-कौनसे राज्यों को अपने राज्य में मिला लिया?
उत्तर:
16वीं सदी में अहोमों ने चुटियों (1523 ई.) और कोच-हाजो (1581 ई.) के राज्यों को अपने राज्य में मिला लिया।

प्रश्न 13.
मंगोल कौन थे?
उत्तर:
इतिहास में सबसे प्रसिद्ध पशुचारी और शिकारीसंग्राहक जनजाति मंगोलों की थी।

evidyarthi

प्रश्न 14.
मंगोल कहाँ बसे हुए थे?
उत्तर:
मंगोल मध्य एशिया के घास के मैदानों और थोड़ा उत्तर की और के वन प्रान्तों में बसे हुए थे।

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
जनजातियाँ किन स्थानों पर निवास करती थीं?
उत्तर:
इस उपमहाद्वीप के विभिन्न हिस्सों में कई बड़ी जनजातियाँ फली-फूलीं। सामान्यतः ये जंगलों, पहाड़ों, रेगिस्तानों और दूसरी दुर्गम जगहों पर निवास करती थीं।

प्रश्न 2.
मध्यकालीन भारतीय जनजातियों के जीवनयापन के साधन क्या थे?
उत्तर:
मध्यकालीन भारत में कई जनजातियाँ खेती से अपना जीविकोपार्जन करती थीं। कुछ दूसरी जनजातियों के लोग शिकारी, संग्राहक या पशुपालक थे।

प्रश्न 3.
कौनसे कारक समाजों में परिवर्तन लाये?
उत्तर:
कभी-कभी जाति विभाजन पर आधारित अधिक शक्तिशाली समाजों के साथ जनजातियों का टकराव होता था। कई मायनों में इन जनजातियों ने अपनी स्वतंत्रता और अपनी संस्कृति को बचाया। लेकिन जाति आधारित समाज और जनजातीय समाज दोनों अपनी विविध किस्म की आवश्यकताओं के लिए परस्पर निर्भर भी रहे। टकराव और निर्भरता के इस संबंध ने दोनों तरह के समाजों को धीरे-धीरे बदलने का काम भी किया।

प्रश्न 4.
जनजातीय समाजों की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:
जनजातीय समाजों की प्रमुख विशेषताएँ-

- प्रत्येक जनजाति के सदस्य नातेदारी के बंधन से जुड़े होते थे।
- ये जनजातियाँ कृषि, शिकार, संग्रहण या पशुपालन से अपना जीविकोपार्जन करती थीं।
- सामान्यतः ये जनजातियाँ जंगलों, पहाड़ों, रेगिस्तानों और दूसरे दुर्गम जगहों पर निवास करती थीं।
- कुछ जनजातियाँ खानाबदोश थीं और वे एक जगह से दूसरी जगह घूमती रहती थीं।
- जनजातीय समूह, संयुक्त रूप से भूमि और चरागाहों पर नियंत्रण रखते थे और स्वयं के बनाए नियमों के आधार पर परिवारों के बीच इनका बंटवारा करते थे।

प्रश्न 5.
'चेरों' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।
उत्तर:

evidyarthi

बिहार और झारखण्ड के कई क्षेत्रों में चेर एक प्रमुख जनजाति थी। 12वीं सदी तक यहाँ चेर सरदारशाहियों का उदय हो चुका था। अकबर के सेनापति राजा मानसिंह ने 1591 ई. में इन लोगों पर हमला किया और उन्हें परास्त किया तथा उन्हें लूट कर अच्छा-खासा माल इकट्ठा किया। लेकिन वे पूरी तरह अधीन नहीं बनाए गए। औरंगजेब के समय मुगल सेनाओं ने चेर लोगों के कई किलों पर कब्जा किया और इस जनजाति को अपना अधीनस्थ बना लिया।

प्रश्न 6.
भारतीय उपमहाद्वीप में विभिन्न जनजातीय समूहों की क्षेत्रवार एक तालिका बनाइए।
उत्तर:
तालिका-भारतीय उपमहाद्वीप में जनजातीय समूह

| क्र. सं. | क्षेत्र | जनजातीय समूह |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर—पंजाब, मुलतान, सिंध तथा हिमाचल | खोखर, गक्खर, लंगाह अरघुन, बलोच, गड्डीज आदि। |
| 2. | दक्षिण—कर्नाटक, आंध्र-प्रदेश, केरल तथा तमिलनाडु | कोली, बेराद, कोरागा, वेवर, मारवार, गोंड आदि |
| 3. | पूर्व—असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा, बंगाल | अहोम, चेर, मुंडा, संथाल, भुइयांज आदि। |
| 4. | पश्चिम—महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान | कोली, गोंड, बेराद, भील, बनजारा आदि। |
| 5. | मध्यभारत—मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़। | भील, गोंड आदि। |

प्रश्न 7.
खानाबदोश कौन होते हैं?
उत्तर:
खानाबदोश घुमन्तू लोग होते हैं। उनमें से कई पशुचारी होते हैं जो अपनी रेवड़ और पशुवृंद के साथ एक चरागाहं से दूसरे चरागाह तक घूमते रहते हैं। बनजारा लोग सबसे महत्त्वपूर्ण व्यापारी खानाबदोश थे।

प्रश्न 8.
भ्रमणशील लोगों से क्या आशय है?
उत्तर:
वे दस्तकार, फेरीवाले और नृत्य-गायक एवं अन्य तमाशबीन भ्रमणशील समूह कहलाते हैं जो अपना कामधंधा करते-करते एक जगह से दूसरी जगह की यात्रा में रहते हैं। खानाबदोश और भ्रमणशील समूह दोनों उस जगह लौट कर आते हैं जहाँ उन्होंने पिछले साल दौरा किया था।

प्रश्न 9.
नए राजपूत कुलों की उत्पत्ति कैसे हुई?
उत्तर:
11वीं और 12वीं सदी तक आते-आते क्षत्रियों के बीच नए राजपूत गोत्रों की ताकत में वृद्धि हुई। वे हूण, चंदेल, चालुक्य और कुछ दूसरी वंश-परंपराओं से आते थे। इनमें से कुछ पहले जनजातियों से आते थे और बाद में कई कुल राजपूत मान लिए गए। धीरे-धीरे उन्होंने पुराने शासकों की जगह ले ली, विशेषतः कृषि वाले क्षेत्रों में।

https://www.evidyarthi.in/